संख्या—1371 / सोलह—प्रा0शि0—3—2010—246(बी) / 91

प्रेषक,

राम गणेश,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग—3 लखनऊ:दिनांक 30 अप्रैल,2010

विषय:— राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में शुल्क की दरे संशोधित किये जाने के संबधं में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या—11986 / ई—प्लान—शुल्क पुनरी0 09—10 दिनांक 10—9—2009 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में सत्र 2003—04 में कार्यालय आदेश संख्या—1587 / 16—प्रा0शि0—3—03—246(बी) / 91 दिनांक 20—6—2003 द्वारा छात्रों से लिये जाने वाला शुल्क की दरे संशोधित की गयी थी । छात्रों के तकनीकी प्रशिक्षण में प्रयुक्त होने वाले कच्चा माल, मशीनें एवं साज—सज्जा संयंत्रों के मूल्यों में अत्याधिक वृद्वि हो जाने तथा छठे वेतन आयोग की संस्तुतियॉ लागू होने आदि के फलस्वरूप श्री राज्यपाल महोदय उक्त कार्यालय आदेश को पुनरीक्षित करते हुए राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में शुल्क की दरे निम्नवत् निर्धारित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:—

| कमांक | मद | वर्तमान शुल्क की दरे | पुनरीक्षित शुल्क की दरे |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | राजस्व शुल्क | | |
| | 1— शिक्षण शुल्क | 6000.00 | 8000.00 |
| | 2— छात्रावास शुल्क | 600.00 | 600.00 |
| 2 | छात्रनिधि शुल्क | | |
| | 1—कीड़ा शुल्क | 150.00 | 200.00 |
| | 2—वार्षिकोत्सव शुल्क | 100.00 | 100.00 |
| | 3—सैत्रिक परीक्षा शुल्क | 100.00 | 200.00 |
| | 4—मैगजीन शुल्क | 100.00 | 120.00 |
| | 5—हॉबी सेन्टर शुल्क | 50.00 | 200.00 |
| | 6—परिचय पत्र शुल्क | 30.00 | 30.00 |

master hansu 2010 -

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 7–काशनमनी | | |
| | क–संस्थागत | 200.00 | 200.00 |
| | ख–छात्रावास | 200.00 | 200.00 |
| | 8–प्रवेश फार्म एवं प्रवेश निबंधन | 20.00 | 20.00 |
| | 9–विद्युत शुल्क | | |
| | क–संस्थागत | 700.00 | 800.00 |
| | ख–छात्रावास | 700.00 | 800.00 |
| | 10–अनुरक्षण शुल्क | | |
| | क–संस्थागत | 0.00 | 500.00 |
| | ख–छात्रावास | 400.00 | 500.00 |
| | **योग** | **9350.00** | **12670.00** |

2– उक्त पुनरीक्षित दरें शैक्षणिक सत्र 2010–11 से लागू होगी।

भवदीय,

(राम गणेश)
विशेष सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2– समस्त जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश (द्वारा निदेशक)
3– वित्त नियंत्रक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश कानपुर।
4– निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश कानपुर।
5– सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद/संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
6– समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (द्वारा निदेशक)
7– समस्त राजकीय पालीटेकिनकों के प्रधानाचार्य। (द्वारा निदेशक)
8– वित्त (ई–11) अनुभाग /गोपन अनुभाग–1।
9– न्याय अनुभाग–1
10– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रवीन्द्र नाथ सिंह)
अनुसचिव।

संख्या—1371 (क) / सोलह—प्रा0शि0—3—2010—246(बी) / 91

प्रेषक,

राम गणेश,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग—3 लखनऊःदिनांक 8 जून,2010

विषयः— राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में शुल्क की दरे संशोधित किये जाने के संबधं में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या —1371 / सोलह—प्रा0शि0—3—2010—246(बी) / 91 दिनांक 30—4—2010 जिसके द्वारा राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में शुल्क की दरे संशोधित की गयी है, के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश के प्रस्तर—1 के क्रमांक—1 (2) के स्तम्भ—3 में उल्लिखित छात्रावास शुल्क की पुनरीक्षित शुल्क की दरें " रू0 600 / —" के स्थान पर स्तम्भ—4 में पुनरीक्षित शुल्क की दरे " रू0 800 / — " पढ़ा जाय।

2— उक्त शासनादेश दिनांक 30—4—2010 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। शासनादेश के शेष नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगे।

अपर निदेशक (ए)

निदेशक
09.06.2010

भवदीय,

(राम गणेश)
विशेष सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2— समस्त जिलाधिकारी / कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ( द्वारा निदेशक)
3— वित्त नियंत्रक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश कानपुर।
4— निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश कानपुर।
5— सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद / संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
6— समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा ( द्वारा निदेशक)

——2 / —

महत्वपूर्ण/ई–मेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

परिषद से सम्बद्ध
समस्त राजकीय/अनुदानित
एवं निजी क्षेत्र की संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक।

लखनऊः दिनांकः 23-11 2016

संख्याः प्राशिप/अनु0–6 /परीक्षा आवेदनपत्र/2016/12362

**विषयः आगामी सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2016, अन्तिम वर्ष विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर 2016 एवं वार्षिक परीक्षा 2017 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क जमा किये जाने एवं आनलाईन भरे हुए परीक्षा आवेदनपत्र की हार्डकापी प्रेषण विषयक स्पष्टीकरण।**

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–6 /परीक्षा आवेदनपत्र/2016/12192 दिनांक 17–11–2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आगामी सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2016, अन्तिम वर्ष विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर 2016 एवं वार्षिक परीक्षा 2017 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क कोषागार में जमा करने तथा ट्रेजरी चालान की मूलप्रति के साथ आनलाईन भरे हुए परीक्षा आवेदनपत्र की हार्डकापी परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जाने की अन्तिम तिथि की सूचना प्रेषित की गयी थी।

कतिपय संस्थाओं द्वारा निर्धारित शुल्क की धनराशि तथा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में कुछ भ्रान्तियां व्यक्त की गयी हैं, जिसके क्रम में पुनः निम्नाकित अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये जाते हैं:–

1. **परीक्षा आदि शुल्क के सम्बन्ध में:–**

1. शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि

| क्रमांक | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2016 में सम्मिलित होने वाले प्रथम सेमेस्टर/तृतीय सेमेस्टर/पंचम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं से परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली कुल धनराशि | रू0 420/–प्रति छात्र/छात्रा प्रति सेमेस्टर |
| 2 | वार्षिक पद्यति के अन्तर्गत प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष तृतीय वर्ष (चार वर्षीय पाठ्यक्रम) की वार्षिक परीक्षा 2017 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं से लिये जाने वाले परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की कुल धनराशि | रू0 560/–प्रति छात्र/छात्रा |
| 3 | वार्षिक पद्यति के अन्तर्गत अन्तिम वर्ष की वार्षिक परीक्षा 2017 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं से लिये जाने वाले परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की कुल धनराशि | रू0 570/–प्रति छात्र/छात्रा |
| 4 | सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत तृतीय सेमेस्टर/पंचम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं तथा वार्षिक पद्यति के अन्तर्गत द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष (चार वर्षीय पाठ्यक्रम) तथा अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के एक या दो विषय में बैक पेपर होने पर बैक पेपर परीक्षा हेतु ली जाने वाली कुल धनराशि | रू0 200/– प्रति छात्र/छात्रा (एक अथवा दो बैक पेपर होने पर ) |
| 5 | अन्तिम वर्ष केवल बैक पेपर परीक्षा /अन्तिम वर्ष विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर 2016 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की कुल धनराशि | रू0 370/– प्रति छात्र/छात्रा (एक अथवा दो बैक पेपर होने पर ) |

2. परीक्षा शुल्क/परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क /अंकतालिका शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि कोषागार में जमा करने की अन्तिम तिथि – **दिनांक–30/11/2016 तक।**
3. परीक्षा शुल्क अंक तालिका शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क की धनराशि ट्रेजरी चालान के माध्यम से लेखा शीर्षक के मद **"0202 शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति, 02 तकनीकी शिक्षा, 800 अन्य प्राप्तियां, 03 परीक्षा शुल्क"** में निर्धारित तिथि के अन्दर जमा किया जाये।
4. परीक्षा शुल्क/परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क /अंकतालिका शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि एक ट्रेजरी चालान द्वारा ही कोषागार में जमा की जाये।
5. कोषागार में जमा शुल्क की धनराशि का विवरण पूर्व में प्रेषित किये प्रारूप–2 पर भरकर ट्रेजरी चालान की मूलप्रति के साथ परिषद कार्यालय में जमा किये जा रहे परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ अनिवार्य रूप से प्राप्त कराया जाये। ट्रेजरी चालान प्राप्त न कराये जाने की दशा में परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्डकापी किसी भी दशा में स्वीकार किया जाना सम्भव नही होगा।

**2. परीक्षा आवेदनपत्र जमा करने के सम्बन्ध में निर्देश**

1 परिषद कार्यालय पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–6/नामावली परीक्षण 2016/12190 दिनांक 17–11–2016 के कम में परिषद द्वारा दिनांक 25–11–2016 से संस्था लागिन पर प्रेषित की जा रही अनुकमांक युक्त सेमेस्टरवार, ब्रान्चवार नामावली के क्रमानुसार आंनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदनपत्रों को व्यवस्थित करके पूर्व में प्रेषित किये गये प्रारूप–1 में विवरण की प्रविष्टि करके परीक्षा आवेदनपत्रों की हार्डकापी जमा करने हेतु प्रारूप–3 में उल्लेखित कार्यकम के अनुसार परिषद कार्यालय मे प्राप्त कराया जाये।

2 प्रेषित किये जाने वाले आनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदनपत्र की हार्डकापी में र्निदिष्ट स्थान पर सम्बन्धित छात्र/छात्रा से हस्ताक्षर करा कर संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक निर्धारित स्तम्भ में अपने हस्ताक्षर कर संस्था की मुहर लगायें।

3 आंनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदनपत्रों की हार्डकापी, निर्धारित परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क, अंकतालिका शुल्क के ट्रेजरी चालान की मूलप्रति निर्धारित प्रारूप–2 पर शुल्क विवरण की प्रविष्टि के साथ परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–6 /परीक्षा आवेदनपत्र/2016/12192 दिनांक 17–11–2016 के साथ संलग्न प्रारूप–3 में उल्लेखित कार्यकम के अनुसार दिनांक 01–12–2016 से 14–12–2016 के मध्य ही परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जाये।

अस्तु अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित निर्देश के अनुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6 /परीक्षा आवेदनपत्र/2016/12301 तददिनांक 23-11 2016

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पूर्वी क्षेत्र वाराणसी/ मध्य क्षेत्र लखनऊ/ बुन्देलखण्ड क्षेत्र झांसी/ पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ।

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव।

<u>पृष्ठांकन संख्या</u> : 2519 /सं0नि0प्रा0शिक्षा (प0क्षेत्र), दिनॉक: 24–11–2016

कार्यालय, संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पश्चिम क्षेत्र, दौराला, मेरठ के अधीन समस्त राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाओं के प्रधानाचार्यों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र में दिए गये निर्देशानुसार कार्यवाही समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करें।

(डी0एम0 सिंह)
संयुक्त निदेशक

# THE ORIENTAL INSURANCE COMPANY LIMITED

( A Govt. Of India Undertaking)

CBO-IV, 134-135, IIIRD FLOOR, SAHU PLAZA, SNEH NAGAR, ALAMBAGH- LUCKNOW 226005
CIN NO. U66010DL1947GOI007158
EMAIL-rn.sonkar@orientalinsurance.co.in
(Mob:9415150498)

**Registered post**

DATE-11/07/2024

सेवा मे ,

प्रधानाचार्य

राजकीय पोलीटेक्निक

जनपद उत्तर प्रदेश,

मोहदय,

**विषय – पोलीटेक्निक छात्रो के वर्ष 2024-2025 जनता व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतगर्त प्रीमियम को प्रोषित करने के संबंध में –**

उपरोक्त संदर्भ में आपको अवगत कराना है कि तीन वर्ष के पाठयकरम हेतु प्रथम वर्ष के छात्रों केए बीमा प्रीमियम रूपये 96/- प्रति छात्र कि दर से समस्त छात्रों का निर्धारित प्रारूप पर सूची के साथ बिमा हेतु अतिशीघ्र हमारे कार्यालय को प्रोषित करना अपेक्षित है । यदि कोई छात्र दो वर्ष , एक वर्ष एवं चार वर्ष हेतु पढ़ रहा है तो उसका प्रीमियम निम्र प्रकार अंकित है।

प्रीमियम व रसीद कि संख्या प्रारूप पर अंकित करते हुए छात्रो कि सूची एक वर्ष , दो वर्ष , तीन वर्ष एवं चार वर्ष हेतु क्रमश: प्रीमियम राशि रुपये 32/-, 64/-, 96/-, 128/- प्रति छात्र की दर से वीमित होने वाले छात्रों की सूची संलग्न प्रारूप पर वीमित धनराशि एवं प्रीमियम राशि के अनुसार अलग –अलग प्रोषित करने का कष्ट करे ।

क्योकि अलग- अलग प्रीमियम राशि के अनुसार पॉलिसी बनाई जाती है यह भी नोट करे की आप द्वारा भेजी गए प्रीमियम राशि के लिए जारी की जाने वाली पॉलिसी की , प्रभावी तिथि हमारे कार्यालय मे प्रीमियम प्राप्त / जमा होने की तिथि से प्रभावी होगी , आशा है कि आप हमेशा इसे ध्यान मे रखेंगे । विभिन्न कारणो से बैंक चेक अनादरत कर दिये जाते है , इससे बचने के लिये कृपया डिमांड ड्राफ्ट को वरीयता दें । या हस्ताक्षर का सत्यापन बैंक से करने के पश्चयात ही हमे प्रोषित करे ।

आपको इस पत्र के साथ रसीद बुक संख्या .................... उपयोग हेतु प्रोषित की जा रही है अतिरिक्त रसीदों की आवशयकता होने पर शाख कार्यालय को दूरभाष पर अथवा निम्र मोबाइल नंबर / ईमेल पर सूचित करने की कृपा करे।

Abhijit
**CHIEF BUSINESS MANAGER**

RAM NARESH SONKAR , Senior Branch Manager, EMAIL ID - rn.sonkar@orientalinsurance.co.in

ABHISHEK SRIVASTVA , ASSISTAN MANAGER , EMAIL ID- Abhishek.srivastava@orientalinsurance.co.in

**NOTE – PLEASE ATTACH KYC WITH PRINCIPAL'S EMAIL AND MOB. NO. AND PIN CODE**